लायन्स स्कूल, मिर्जापुर
अर्द्धवार्षिक परीक्षा – 2020–21

कक्षा– 9 समय – 3 घण्टे
विषय– हिन्दी (कोर्स अ) कुल अंक – 80

सेट–अ

सामान्य निर्देशः–

1. इस प्रश्न पत्र के चार खण्ड हैं – क, ख, ग, और घ ।
2. चारों खण्डों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।
3. यथासंभव प्रत्येक खण्ड के उत्तर क्रमशः दीजिए ।

खण्ड–क

प्रश्न.1– प्रस्तुत गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए– 10

पड़ोस सामाजिक जीवन के ताने–बाने का महत्वपूर्ण आधार है । दरअसल पड़ोस जितना स्वाभाविक है, हमारी सामाजिक सुरक्षा के लिए तथा सामाजिक जीवन की समस्त आनंदपूर्ण गतिविधियों के लिए वह उतना ही आवश्यक भी है । यह सच है कि पड़ोसी का चुनाव हमारे हाथ में नहीं होता, इसलिए पड़ोसी के साथ कुछ–न–कुछ सामंजस्य तो बिठाना ही पड़ता है। हमारा पड़ोसी अमीर हो या गरीब, उसके साथ संबंध रखना सदैव हमारे हित में ही होता है। पड़ोसी से परहेज करना अथवा उससे कटे–कटे रहने में अपनी ही हानि है, क्योकिं किसी भी आकस्मिक आपदा अथवा आवश्यकता के समय अपने रिश्तेदारों या परिवारवालों को बुलाने में समय लगता है। यदि टेलीफ़ोन की सुविधा भी है तो भी कोई निश्चय नहीं है कि उनसे समय पर सहायता मिल ही जाएगी । ऐसे में पड़ोसी ही सबसे अधिक विश्वस्त सहायक हो सकता है। पड़ोसी चाहे कैसा भी हो, उससे अच्छे संबंध रखने ही चाहिए । जो अपने पड़ोसी से प्यार नहीं कर सकता, उससे सहानुभूति नहीं रख सकता, उसके साथ सुख–दुख का आदान–प्रदान नहीं कर सकता तथा उसके शोक और आनंद के क्षणों में शामिल नहीं हो सकता, वह भला अपने समाज अथवा देश के साथ क्या खाक भावनात्मक रूप से जुड़ेगा । विश्वबंधुत्व की बात भी तभी मायने रखती है जब हम अपने पड़ोसी से निभाना सीखें ।

क. 'पड़ोसी से संबंध बनाकर रहने में ही भलाई रहती है; क्यों ? 2
ख. अच्छा पड़ोसी बनने के लिए हमें क्या–क्या करना चाहिए? 2
ग. हमें न चाहते हुए भी पड़ोसी से तालमेल क्यों बिठाना पड़ता है ? 2
घ. सामाजिक जीवन के ताने–बाने का महत्वपूर्ण आधार क्या है और क्यों? 2
ड. विश्वबंधुत्व क्या है ? 1
च. उपर्युक्त गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक लिखिए । 1

खण्ड–ख

प्रश्न.2– निर्देशानुसार उत्तर दीजिए– 1X4=4

क. 'दुविधा' शब्द में प्रयुक्त उपसर्ग तथा मूलशब्द लिखिए ।
ख. 'आ' उपसर्ग से एक शब्द बनाइए ।
ग. 'त्यागी' शब्द में प्रयुक्त मूलशब्द तथा प्रत्यय लिखिए ।
घ. 'पन' प्रत्यय से एक शब्द बनाइए ।

प्रश्न.3– निम्नलिखित समस्तपदों का विग्रह कर समास का नाम लिखिए– 1x4=4

जलधारा, देश–विदेश, आजीवन, तिरंगा

प्रश्न.4– निर्देशानुसार उत्तर दीजिए– 1x4=4

क. संभवतः आज वर्षा हो । ( अर्थ के आधार पर वाक्य – भेद लिखिए।)

ख. यदि आप आएँगे तो मैं भी चलूँगा। ( अर्थ के आधार पर वाक्य– भेद लिखिए।)

ग. लेखक का घोड़ा बहुत धीरे–धीरे चल रहा था।( नकारात्मक वाक्य में बदलिए।)

घ. क्या रमा ने खाना खा लिया है? ( विधानवाचक वाक्य में बदलिए।)

प्रश्न.5– निर्देशानुसार उत्तर दीजिए– 1x4=4

क. अतिशयोक्ति अलंकार का एक उदाहरण लिखिए ।

ख. उपमा अलंकार के अंगों के नाम लिखिए ।

ग. निम्नलिखित काव्य–पंक्तियों में निहित अलंकार का नाम लिखिए ।

बालकु बोलि बधौं नहिं तोही । केवल मुनि जड़ जानहि मोही ।।

घ. मानो, मनहूँ, जानो, जनहूँ, ज्यों, जनु आदि शब्दों का प्रयोग किस अलंकार में होता है?

## खण्ड–ग

प्रश्न.6– निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए–2x3=6

दोनों बैलों का ऐसा अपमान कभी न हुआ था । झूरी इन्हें फूल की छड़ी से भी न छूता था । उसकी टिटकार पर दोनों उड़ने लगते थे। यहाँ मार पड़ी ।आहत–सम्मान की व्यथा तो थी ही, उस पर मिला सूखा भूसा ! नाँद की तरफ आँखें न उठाईं । दूसरे दिन गया ने बैलों को हल में जाता, पर इन दोनों ने जैसे पाँव न उठाने की कसम खा ली थी । वह मारते–मारते थक गया; पर दोनों ने पाँव न उठाया । एक बार जब उस निर्दयी ने हीरा की नाक पर खूब डंडे जमाए, तो मोती का गुस्सा काबू के बाहर हो गया । हल लेकर भागा । हल , रस्सी, जुआ, जोत सब टूट – टाट कर बराबर हो गया । गले में बड़ी–बड़ी रस्सियाँ न होतीं, तो दोनों पकड़ाई में न आते ।

क. दोनों बैलों का किसने और किस तरह अपमान किया ?

ख. बैलों के प्रति झूरी और गया के व्यवहार में क्या अंतर था ?

ग. मोती को क्रोध क्यों आया? क्रोधावेश में उसने क्या किया ?

प्रश्न.7– निम्नलिखित में से <u>किन्हीं चार प्रश्नों</u> के उत्तर लिखिए – 2x4=8

क. 'दो बैलों की कथा' के आधार पर मोती के चरित्र की चार विशेषताएँ लिखिए।

ख. लेखक ने जब तिब्बत यात्रा की थी तब वहाँ कानून और सुरक्षा की स्थिति कैसी थी ?('ल्हासा की ओर' पाठ के आधार पर उत्तर दीजिए।)

ग. लेखक लड.कोर के मार्ग में अपने साथियों से किस कारण पिछड़ गया?('ल्हासा की ओर' पाठ के आधार पर उत्तर दीजिए।)

घ. सालिम अली कौन थे ? वे प्रधानमंत्री से क्यों मिलने गए? ('साँवले सपनों की याद' पाठ के आधार पर उत्तर दीजिए।)

ड़ किस घटना ने सालिम अली के जीवन की दिशा को बदल दिया और उन्हें पक्षी प्रेमी बना दिया ?('साँवले सपनों की याद' पाठ के आधार पर उत्तर दीजिए।)

प्रश्न.8—निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नोंके उत्तर लिखिए—2X3=6

क्या गाती हो?
क्यों रह—रह जाती हो?
कोकिल बोलो तो !
क्या लाती हो?
संदेशा किसका है?
कोकिल बोलो तो !
ऊँची काली दीवारों के घेरे में,
डाकू, चोरों, बटमारों के डेरे में,
जीने को देते नहीं पेट—भर खाना,
मरने भी देते नहीं, तड़प रह जाना!
जीवन पर अब दिन—रात कड़ा पहरा है,
शासन है, या तम का प्रभाव गहरा है?
हिमकर निराश कर चला रात भी काली,
इस समय कालिमामयी जगी क्यूँ आली ?

क. पराधीन भारत की जेलों में स्वाधीनता सेनानियों के साथ कैसा व्यवहार किया जाता था ?

ख. कवि कोयल से क्या—क्या पूछता है ?

ग. कवि कहाँ रहकर कोयल से बातें कर रहा है और क्यों ?

प्रश्न.9—निम्नलिखित में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए— 2X4=8

क. कबीर के अनुसार लोग ईश्वर को पाने के लिए क्या—क्या करते हैं ?

ख. कबीर की साखियों के आधार पर स्पष्ट कीजिए कि कबीर सच्चे समाज सुधारक थे ।

ग. 'वाख' कविता के आधार पर 'माँझी' और 'उतराई' का प्रतीकार्थ समझाइए । यह माँझी कवयित्री को कहाँ पहुँचाता है?

घ. ब्रजभूमि के प्रति कवि (रसखान) का प्रेम किन—किन रूपों में अभिव्यक्त हुआ है?

ड. कवि को कोयल से ईर्ष्या क्यों हो रही हैं ?('कैदी और कोकिला' कविता के आधार पर उत्तर दीजिए ।)

प्रश्न.10—निम्नलिखित में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लिखिए— 3X2=6

क. 'शिक्षा बच्चों का जन्म सिद्ध अधिकार है' इस दिशा में लेखिका के प्रयासों का उल्लेख कीजिए । ('मेरे संग की औरतें' पाठ के आधार पर उत्तर दीजिए ।)

ख. लेखिका ने अपनी नानी को कभी देखा भी नहीं फिर भी उनके व्यक्तित्व से प्रभावित क्यों थी ? ('मेरे संग की औरतें' पाठ के आधार पर उत्तर दीजिए ।)

ग. 'रीढ़ की हड्डी' शीर्षक की सार्थकता स्पष्ट कीजिए ।

## खण्ड—घ

प्रश्न.11— निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर 80 से 100 शब्दों में अनुच्छेद लेखन कीजिए— 5X1=5

क. पेड़ – पौधे और हम
ख. अच्छा स्वास्थ्य महावरदान
ग. त्योहारों का महत्व

प्रश्न.12– समाज में बढ़ती हुई असुरक्षा के संबंध में अपने विचार प्रकट करते हुए 'राष्ट्रीय सहारा' नामक दैनिक पत्र के संपादक को पत्र लिखिए । 5

प्रश्न.13– डाक्टर और रोगी के मध्य संवाद लेखन कीजिए । 5

अथवा

मकान मालिक और किराएदार के मध्य संवाद लेखन कीजिए।

प्रश्न.14– निम्नलिखित में से किसी एक पर दिए गए प्रस्थान बिंदुओं के आधार पर 100–120 शब्दों में लघु कथा लेखन कीजिए – 5

**क. प्रस्थान बिंदु :** नदी तट पर जामुन का पेड़ ...................... पेड़ पर एक बंदर का निवास ................... मगरमच्छ द्वारा बंदर को घर लाने का आग्रह करना ......................... पत्नी का इरादा समझकर मगरमच्छ का तैयार न होना ........................... पत्नी के ज़िद के सामने हार मान लेना ...................... बंदर को अपनी पीठ पर बिठा कर घर के लिए चल देना ..................... बीच में पत्नी की सारी बात बता देना ................. बंदर द्वारा चालाकी से काम लेना ................... कहना ''कलेजा तो मैं पेड़ पर छोड़ आया.................. बंदर का छलांग मारकर पेड़ पर चढ़ जाना ................. मगरमच्छ का उसका मुँह देखते रह जाना । शिक्षा ......................... ।

**ख. प्रस्थान बिंदु :** राजू नाम का एक गडरिया .................. रोज भेड़–बकरियाँ चराने जंगल में जाना ..................लोगों को मूर्ख बनाने की आदत ................... एक दिन ऊँचे पेड़ पर चढ़कर 'शेर आया', 'बचाओ', 'बचाओ' चिल्लाना ............... उसकी आवाज़ सुनकर गाँव के लोगों का आना ...................... राजू को पेड़ पर हँसते पाना .................. लोगों को यह मज़ाक अच्छा न लगना ................. कुछ दिनों बाद वास्तव में भेड़ियें का आना ....................... राजू द्वारा ज़ोर – ज़ोर से चिल्लाना.................. गाँव के लोगों द्वारा उसकी आवाज़ सुनना पर विश्वास न करना ................... भेड़िये द्वारा कुछ भेड़ों को मार गिराना ................ राजू को भी घायल कर देना । शिक्षा ...........................।